# भारतजेन

**[स्रोत: पीआईबी]**

हाल ही में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारतजेन नामक एक **जनरेटिव AI पहल शुरू की है,** जिसे सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

- इसका उद्देश्य भारत की **सामाजिक-सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को संबोधित करने के लिये** भाषा, भाषण तथा कंप्यूटर दृष्टि में **आधारभूत मॉडल** तैयार करना है।
- यह **भारतीय भाषाओं** के लिये विश्व की पहली सरकारी वित्त पोषित **मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** परियोजना है।
  - LLM ऐसी AI प्रणालियाँ हैं जो विशाल मात्रा में पाठ्य डेटा को संसाधित करके मानव भाषा को **समझने और उत्पन्न** करने में सक्षम हैं।
- इसका नेतृत्व **IIT बॉम्बे द्वारा अंतरविषयी साइबर-भौतिकी प्रणाली से संबंधित राष्ट्रीय मिशन( NM-ICPS)** के तहत किया जाता है तथा इसमें **IIT और IIM इंदौर** जैसे शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग शामिल है।
- इसमें **भारत-केंद्रित डेटा** को व्यवस्थित करने हेतु प्रक्रियाएँ विकसित करने पर ज़ोर दिया गया है जिससे देश का अपने **डिजिटल संसाधनों** पर नियंत्रण बढ़ सके।
- इसकी चार प्रमुख विशेषताएँ हैं:
  - **बहुभाषी एवं मल्टीमॉडल प्रकृति,**
  - **भारतीय डेटा सेट आधारित निर्माण एवं प्रशिक्षण,**
  - **ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म,**
  - भारत में **जनरेटिव AI अनुसंधान के इकोसिस्टम का विकास।**
    - जनरेटिव AI विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार कर सकता है, जिसमें **टेक्स्ट, इमेजरी और ऑडियो शामिल हैं।**

**और पढ़ें: लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bharatgen